ISSN 0974 1666

सी.सी.आर.यू.एम.
न्यूज़लेटर
केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् की त्रैमासिक पत्रिका

खंड 38 • अंक 4 अक्टूबर–दिसम्बर 2018

के.यू.चि.अ.प. और ताजिक विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) और ऐविसिना ताजिक स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी (ए.टी.एस.एम.यू.), दुशांबे, ताजिकिस्तान ने 8 अक्टूबर 2018 को यूनानी चिकित्सा में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एतिहासिक समझौता माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द द्वारा 7–9 अक्टूबर 2018 को ताजिकिस्तान के दौरे के दौरान भारत और ताजिकिस्तान सरकार के बीच किये गए नौ समझौतों में से एक है।

के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय में समझौते के महत्व को रेखांकित करने और कार्य योजना तैयार करने के लिए आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने इसे मील का पत्थर करार दिया और इस संबंध में के.यू.चि.अ.प. के अधिकारियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने इस समझौते को जल्द से जल्द अमल में लाने पर ज़ोर दिया और कहा कि काम की शुरूआत ए.टी.एस.एम.यू. में यूनानी चेयर की स्थापना की संभावना तलाश करने से की जा सकती है।

समझौता ज्ञापन के अनुसार के.यू.चि.अ.प. और ए.टी.एस.एम.यू. आपसी हित के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, शिक्षा और प्रशिक्षण में भाग लेंगे। दोनों संगठन यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए सूचनाओं, दस्तावेज़ों और वैज्ञानिक प्रकाशनों का आदान–प्रदान करेंगे। इसके अलावा सम्मेलनों, सेमिनारों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का संयुक्त संगठन, क्षमता निर्माण के लिए विशेषज्ञों का आदान–प्रदान, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, छात्रों आदि का प्रशिक्षण, अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए दोनों संस्थानों में इच्छुक वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और छात्रों को समायोजित करना समझौते के कुछ अन्य प्रावधान हैं।

भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द 7 से 9 अक्टूबर 2018 को अपने ताजिक मित्र श्री इमोमाली रहमोन के साथ ताजिकिस्तान की राजकीय यात्रा के दौरान।

ताजिकिस्तान की अपनी सरकारी यात्रा के दौरान श्री राम नाथ कोविन्द और उनके ताजिक संगी श्री इमोमाली रहमोन प्रतिबंधित और विस्तृत प्रारूपों में मिले और दोनों के बीच मानवतावाद, इतिहास, भाषा, परंपरा, कला और संस्कृति के साझा मूल्यों पर आधारित

गहरे संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने दोनों गणराज्यों के बीच राजनायिक संबंधों की स्थापना के बाद से 26 वर्षों में विचार, आपसी समझ और विश्वास और सहयोग के उत्कृष्ट स्तर के नियमित उच्च–स्तरीय आदान–प्रदान पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों और क्षेत्र की शांति, स्थिरता, आर्थिक प्रगति और समृद्धि के लिए रणनीतिक साझेदारी को और विस्तारित और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की। ●●●

के.यू.चि.अ.प. में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने 29 अक्तूबर – 03 नवम्बर 2018 को अपने मुख्यालय के साथ–साथ देश भर में संचालित अनुसंधान केन्द्रों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। 'भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ' विषय पर आधारित सार्वजनिक जीवन में अखण्डता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में मनाया गया।

प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प., श्री आर.यू. चौधरी, सहायक निदेशक (प्रशासन) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, डॉ. नाहीद परवीन, सहायक निदेशक (यूनानी) और के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय के अधिकारी (ऊपर) और डॉ. सीमा अकबर, सहायक निदेशक प्रभारी और क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधार संस्थान, श्रीनगर के कर्मचारी (नीचे) 29 अक्टूबर 2018 को अखंडता शपथ लेते हुए।

यह अभियान सरकारी कर्मचारियों, केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों और आम जनता के बीच हर स्तर पर भ्रष्टाचार की जांच और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता पैदा करने का अनुसरण करता है। यह प्रणाली को प्रभावपूर्ण तरीके से निवारक उपायों को लागू करने के लिए प्रेरित करता है ताकि शासन प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बना रहे। इस सप्ताह का मूल उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना है।

के.यू.चि.अ.प. में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आरंभ श्री आर.यू. चौधरी, सहायक निदेशक (प्रशासन) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय ने अखण्डता शपथ दिलाने के साथ किया। सभी कर्मचारियों ने जीवन के हर क्षेत्र में सत्यनिष्ठा के साथ चलने और कानून का पालन करने तथा व्यक्तिगत व्यवहार में अखण्डता का उदाहरण बनने का वचन दिया। उन्होंने सार्वजनिक हित में सभी कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करने का वचन दिया। उन्होंने घोषणा की कि वे न तो रिश्वत लेंगे और न ही देंगे साथ ही भ्रष्टाचार की किसी भी घटना के बारे में उचित एजेंसी को बताएंगे।

सप्ताह के दौरान मुख्य विषय से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का अयोजन किया गया। इन गतिविधियों में 'कार्यस्थल पर सतर्कता में कैसे सुधार करें' और 'दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों में सार्वजनकि व्यवहार में पारदर्शिता का महत्व' पर समूह वार्ता और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ●●●

उच्च-स्तरीय आयुष प्रतिनिधिमंडल का ईरान दौरा

वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. सहित एक उच्च–स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 19–20 नवम्बर 2018 को ईरान का दौरा किया।

वैद्य राजेश कोटेचा और प्रो. आसिम अली ख़ान ईरान के अधिकारियों के साथ 20 नवम्बर 2018 को तेहरान में एक बैठक के दौरान।

यात्रा का उद्देश्य फरवरी 2018 में पारंपरिक चिकित्सा में शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय, ईरान सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसरण में रणनीति तैयार करना और कार्य योजना बनाना था।

प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के नीति निर्माताओं के साथ लाभदायक बातचीत की और दोनों दलों ने दोनों देशों के शैक्षणिक केंद्रों के बीच सहयोग, विशेषज्ञ ज्ञान, अनुभव और संसाधन के आदान–प्रदान, ईरान के राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान और भारत के वनस्पति उद्यान के बीच सहयोग और हर्बेरियम नमूनों का आदान–प्रदान, दोनों देशों की पारंपरिक चिकित्साओं और फार्माकोपिया के पारस्परिक सहमति के लिए संभावना तलाशने, भारत और ईरान में पारंपरिक चिकित्सा पर दो सम्मेलनों के संयुक्त आयोजन और संयुक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के संचालन करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्ष आपसी सहमति से छात्रवृत्ति प्रदान करने पर भी सहमत हुए।

दोनों पक्षों ने भविष्य में केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् और तेहरान चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच समझौते पर हस्ताक्षर करने पर भी चर्चा की।

दोनों पक्षों ने एक संयुक्त कार्य योजना विकसित की और बैठक के मिनट (एम.ओ.एम.) पर हस्ताक्षर किए। एम.ओ.एम. पर भारतीय पक्ष से वैद्य राजेश कोटेचा और प्रो. आसिम अली ख़ान ने हस्ताक्षर किए। डॉ. मोहसीन असदी लारी, कार्यकारी विदेश मंत्री, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय और श्री महमूद खुदादोस्त, महानिदेशक, फ़ारसी चिकित्सा कार्यालय, ईरान की तरफ से हस्ताक्षरकर्ता थे।

•••

परिषद् के अनुसंधानकर्ताओं की राइज़िंग स्टार्स कार्यक्रम में भागीदारी

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (ए.आई.आई.ए) ने राइज़िंग स्टार्स कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला आयुष अनूभवियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।

आयुष क्षेत्र की कुशल महिला अनुभवियों के अन्दर समग्र कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन 30–31 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में भारतीय प्रबंधन संस्थान – कोझीकोड़ के सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण में के.यू.चि.अ.प. के तीन अधिकारियों – डॉ. नाहीद परवीन, सहायक निदेशक (यूनानी), डॉ. शगुफ़्ता परवीन, उप निदेशक (यूनानी) और डॉ. ग़ज़ाला जावेद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) वैज्ञानिक– IV सहित 30 आयुष अनुभवियों ने भाग लिया।

आत्म–जागरूकता प्राप्त करने, बदलती दुनिया को देखते हुए भविष्य को आकार देने और निर्णय लेने के कौशल में सुधार करने से संबंधित अनेक विषयों पर कार्यक्रम में चर्चा की गई।

•••

के.यू.चि.अ.प. और एन.आर.डी.सी. के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने 29 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में वाणिज्यिक और सामाजिक–आर्थिक लाभ के उद्देश्य से प्रौद्योगिकियों के विकास और उद्योग को इनके सफल हस्तांतरण में सहयोग के लिए नेशनल रिसर्च डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन (एन.आर.डी.सी.) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. और डॉ. एच. पुरुषोत्तम, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नेशनल रिसर्च डेवेलपमेंट कारपोरेशन 29 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन के दस्तावेज़ को प्रदर्शित करते हुए।

के.यू.चि.अ.प. के पास ब्रॉन्कियल अस्थमा, संधिशोथ, क़ब्ज़ और नज़ला जैसे रोगों के लिए प्रभावी उपचार प्रदान करने वाली हर्बल और खनिज मूल औषधियों से तैयार कुछ उपन्यास और चिकित्सीय रचनाओं को विकसित करने हेतु अपने 17 पेटेंट हैं। इनमें से कुछ पेटेंट एस.सी.ए. आर. प्राइमरों को विकसित करने के लिए मिले हैं जिनका उपयोग औषधि मिश्रण में वास्तविक और मिलावट की उपस्थिति को प्रमाणित करने या पुष्टि करने के लिए किया जा सकता है। एन.आर.डी.सी. के साथ सहयोग करने के इस कदम से पेटेंट का व्यवसायीकरण होगा और के.यू.चि.अ.प. को आय में बढ़ोतरी का अवसर मिलेगा।

समझौते ज्ञापन के अनुसार के.यू.चि.अ.प. लाइसेंसिंग और वाणिज्यिक लाभ के लिए पेटेंट सहित अपनी प्रौद्योगिकी एन.आर.डी.सी. को सौंपेगा। के.यू.चि.अ.प., एन.आर.डी.सी. को प्रौद्योगिकियों से संबंधित तकनीकी और इंजीनियरिंग ज्ञान प्रदान करेगा जिसमें कार्य करने की विधि, उद्योग द्वारा उनके उपयोग पर तकनीकी जानकारी और प्रौद्योगिकियों तथा संबंधित पेटेंट/डिज़ाइन/कॉपीराइट/ट्रेडमार्क के व्यावसायीकरण के लिए आवश्यक जानकारी शामिल है।

समझौते के एक भाग के रूप में एन.आर.डी.सी. वाणिज्यिक लाभ उठाने के लिए के.यू.चि.अ.प. द्वारा आवंटित प्रक्रियाओं की उपलब्धता का व्यापक प्रचार करेगा और प्रौद्योगिकियों के प्रभावी लाइसेंसिग और व्यवसायिकरण को तेज़ी से बढ़ाने के लिए आवश्यक बाजार डेटा/प्रोफाइल, पूर्व सम्भाव्यता, सम्भाव्यता और परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगा।

एन.आर.डी.सी. लाइसेंसिंग के लिए पेटेंट/डिज़ाइन/कॉपीराइट/ट्रेडमार्क के आवेदन करके प्रौद्योगिगियों की सुरक्षा के लिए के.यू.चि.अ.प. को सभी संभावित सहायता करने और सुझाव देने के लिए भी सहमत हुआ और बदले में के.यू.चि.अ.प. यह प्रौद्योगिकियां व्यवसायीकरण के लिए एन.आर.डी.सी. को आवंटित करेगा। समझौता ज्ञापन दस वर्ष की अवधि के लिए मान्य है जिसे आपसी समझौते से आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

प्रो. आसिम अली ख़ान, के.यू.चि.अ.प. और डॉ. एच. पुरुषोत्तम, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एन.आर.डी.सी. ने दोनों संगठनों के अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

●●●

श्रीनगर में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एन.एम.पी.बी.) के सहयोग से 30 नवंबर – 01 दिसम्बर 2018 के दौरान क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (क्षे.यू.चि.अ.सं.), श्रीनगर में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन किया। संगोष्ठी में पारंपरिक ज्ञान की रक्षा के महत्व और एक वैज्ञानिक संगठन के लिए बौद्धिक सम्पदा के अधिकारों और पेटेंट की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

मंच पर आसीन गणमान्य – (बाएं से दाएं) डॉ. मोहम्मद ताहिर, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प., श्री प्रमोद कुमार पाठक, अतिरिक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, प्रो. तलत अहमद, उप–कुलपति, कश्मीर विश्वविद्यालय और डॉ. मुख़्तार अहमद क़ासमी, संयुक्त सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय 30 नवंबर – 01 दिसंबर 2018 को श्रीनगर में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन के दौरान।

संगोष्ठी का उद्घाटन श्री प्रमोद कुमार पाठक, अतिरिक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रो. तलत अहमद, उप–कुलपति, कश्मीर विश्वविद्यालय, डॉ. अब्दुल कबीर डार, आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, जम्मू और कश्मीर सरकार, डॉ. मोहम्मद ताहिर, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, डॉ. मुख़्तार अहमद क़ासमी, संयुक्त सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय और प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. की उपस्थिति में किया।

उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए श्री प्रमोद कुमार पाठक ने यूनानी चिकित्सा और अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में नए अनुसंधान करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कुछ उपन्यास और चिकित्सीय रचनाओं और एस.सी.ए.आर. प्राइमरों के विकास से संबंधित 17 पेटेंट प्राप्त करने के लिए के.यू.चि.अ.प. की सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. तलत अहमद, उप–कुलपति, कश्मीर विश्वविद्यालय ने कहा कि यूनानी चिकित्सा एक सांस्कृतिक और आनुभविक विरासत है और इसकी प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए पद्ध ति को आधुनिक बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने हितधारकों से विभिन्न संबंधि ात क्षेत्रों के प्रभावी सहयोग से यूनानी चिकित्सा पद्धति का उन्नयन करने के लिए आग्रह किया ताकि मानव जाति के समग्र लाभ के लिए एक सार्थक शोध किया जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि कश्मीर विश्वविद्यालय किसी भी सहयोग में, जिसका उद्देश्य यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान करना है, भागीदार बनकर खुशी महसूस करेगा।

बौद्धिक सम्पदा और पेटेंट की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए डॉ. अब्दुल कबीर डार ने कहा कि पेटेंट एक गंभीर कार्य है और इस क्षेत्र में के.यू.चि.अ.प. की उपलब्धियां प्रशंसनीय है।

इससे पहले अपने स्वागत भाषण में प्रो. आसिम अली ख़ान ने परिषद् और इसके अधीन अनुसंधान संस्थानों के समग्र कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पेटेंटिंग के क्षेत्र को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि के.यू.चि. अ.प. को 17 मिल चुके है और अन्य 30 आवेदन भारतीय पेटेंट कार्यालय (आई. पी.ओ.) के विचाराधीन है।

तकनीकी सत्रों के दौरान, आई.पी. ओ., नई दिल्ली और औषधि विज्ञान विभाग, कश्मीर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने बौद्धिक संपदा और इससे संबंधित विषयों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्री सुब्रत साहु और सुश्री सुधा जावेरिया, आई.पी.ओ., नई दिल्ली ने 'पेटेंटिंग ऑफ बॉयोटेक्नोलोजी इन्वेशन', 'बेसिक्स ऑफ पेटेंट स्पेसीफिकेशन ड्राफ्टिंग', ट्रेडिशनल नॉलेज प्रोटेक्शन एण्ड बॉयोटेक गाइडलाइन्स एण्ड

बेनेफिट शेयरिंग' और 'प्रॉयर आर्ट सर्च फॉर पेटेंट एप्लिकेशन ऑन टी.के.डी. एल. डाटाबेस एण्ड अदर डाटाबेसेस' पर व्याख्यान दिया। डॉ. मोहम्मद इस्हाक़ गीर, औषधि विज्ञान विभाग, कश्मीर विश्वविद्यालय ने 'बैलेंसिंग बिटवीन आई.पी.आर. एण्ड इक्यूटेबल एक्सेस टू मेडिसन' और 'मेडिकेलाइजेशन ऑफ दि सोसायटी एण्ड सोशलाईजेशन ऑफ दि मेडिसन' पर जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। सत्रों की अध्यक्षता डॉ. मुख़्तार अहमद क़ासमी, डॉ. शजरुल अमीन, समन्वयक, नैदानिक जैव रसायन, कश्मीर विश्वविद्यालय और डॉ. राबिया हामिद, समन्वयक, नैनोटेक्नोलॉजी, कश्मीर विश्वविद्यालय ने की। क्षे.यू.चि.अ.प., श्रीनगर से डॉ. नक़ीबुल इस्लाम और के.यू.चि.अ.प. से डॉ. अब्दुल रहीम, डॉ. पवन कुमार और डॉ. उसामा अकरम ने सत्रों की सह–अध्यक्षता की। डॉ. सीमा अकबर, सहायक निदेशक प्रभारी, क्षे.यू.चि.अ.सं., श्रीनगर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सत्र का समापन हुआ। संगोष्ठी बौद्धिक संपदा प्रबंधन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और पेटेंट के व्यवसायीकरण के लिए प्रतिभागियों को संवेदनशील बनाने और प्रशिक्षित करने के अपने उद्देश्य में सफल रही। ●●●

श्री प्रमोद कुमार पाठक, अतिरिक्त सचिव, आयुष मंत्रालय 30 नवंबर – 01 दिसंबर 2018 को श्रीनगर में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए।

30 नवंबर – 01 दिसंबर 2018 को श्रीनगर में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रतिभागियों का एक दृश्य।

इम्फाल में आरोग्य मेला

के.यू.चि.अ.प. ने 6–9 दिसम्बर 2018 के दौरान इम्फाल ईस्ट, मणिपुर में आयोजित आरोग्य मेला 2018 में भाग लिया।

श्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह, माननीय मुख्यमंत्री, मणिपुर और श्री एल. जयंतकुमार सिंह, माननीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं आयुष मंत्री 6–9 दिसम्बर 2018 को इम्फाल ईस्ट, मणिपुर में आयोजित आरोग्य मेला 2018 के उद्घाटन समारोह में श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

मेले का उद्घाटन श्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह, माननीय मुख्यमंत्री, मणिपुर ने श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय की उपस्थिति में किया। लगभग 50 सार्वजनिक और निजी संगठनों ने राज्य में आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित आरोग्य मेले में भाग लिया जो चिकित्सीय पादपों से भरपूर है।

चार दिवसीय मेले के दौरान लगभग 500 आगंतुकों ने के.यू.चि.अ.प. स्टॉल का दौरा किया। वे यूनानी चिकित्सा पद्धति और बर्स और सोरायसिस जैसे कुछ विशिष्ट रोगों के उपचार के बारे में जानने के लिए उत्सुक थे। के.यू.चि.अ.प. के चिकित्सकों ने 207 रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया और उपचार किया। ●●●

परिषद् ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने 16–30 अक्टूबर 2018 के दौरान अपने मुख्यालय और देशभर में स्थित संस्थानों में स्वच्छता के विषय पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया।

प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. 30 अक्टूबर 2018 को आयुष सभागार, नई दिल्ली में के.यू.चि.अ.प., के.आ.वि.अ.प., के.हो.अ.प. और के.यो.प्रा.चि.अ.प. द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए।

डॉ. मो. ताहिर, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में 23 अक्टूबर 2018 को औपचारिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह का आरंभ कार्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ हुआ।

पखवाड़े के दौरान मुख्यालय और पूरे देश में स्थित संस्थानों/इकाइयों में सफाई अभियान चलाया गया। इन गतिविधियों में पौधारोपण और हरियाली वाली जगहों में सुधार, सामान्य स्वच्छता अभियान, गलियारे की सफाई, कार्यालय के कचरों की सफाई, स्वच्छता में सुधार, पुरानी फाइलों की निराई, शौचालय की सफाई, बिजली के तारों की मरम्मत, पोताई, पुराने फर्नीचर की मरम्मत, विभिन्न कक्षों में मरम्मत कार्य, कूड़ेदान रखना और जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, नारा लेखन, चित्रकला इत्यादि का अयोजन किया गया। के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय में स्वच्छता सैनिक (सफाई कर्मचारी) के लिए एक विशेष पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जनकपुरी, नई दिल्ली स्थित आयुष सभागार में आयुष मंत्रालय की चार अनुसंधान परिषदों – केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (के.आ.वि.अ.प.), केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् (के.हो.अ.प.) तथा केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यो.प्रा.चि.अ.प.) – ने संयुक्त समापन का आयोजन किया। समारोह को प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प.; प्रो. वैद्य के. एस. धीमान, महानिदेशक, के.आ.वि.अ.प., डॉ. आर.के. मनचंदा, महानिदेशक, के.हो. अ.प., डॉ. एन. श्रीकांत, उप महानिदेशक,

औषधि मानकीकरण अनुसंधान एकक, नई दिल्ली के कर्मचारी कार्यालय परिसर में पौधा रोपण करते हुए।

के.आ.वि.अ.प., डॉ. अनिल खुराना, उप महानिदेशक, के.हो.अ.प. और डॉ. राजीव रस्तोगी, सहायक निदेशक, के.यो.प्रा.चि. अ.प. ने सम्बोधित किया। पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यालय परिसर में कार्यरत सभी स्वच्छता सैनिकों को प्रशंसा के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने व्यक्तिगत रूप से कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रत्येक स्वच्छता सैनिक की उनके निरंतर प्रयासों के लिए सराहना की और धन्यवाद दिया।

•••

उन्नत सोशल मीडिया अंतदृष्टि पर कार्यशाला का आयोजन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) के अधिकारियों ने 22 दिसम्बर 2018 को नई दिल्ली में केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (के.आ.वि.अ.प.) द्वारा आयोजित उन्नत सोशल मीडिया अंतदृष्टि पर कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की क्षमताओं को काम में लाने के लिए आयुष अनुसंधानकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था।

अपने उद्घाटन सम्बोधन में श्री पी. एन. रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने सोशल मीडिया के माध्यम से आयुष पद्धतियों के बारे में नकारात्मक प्रचार को संबोधित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अपने मुख्य भाषण में श्री के. जी. सुरेश, महानिदेशक, भारतीय जनसंचार संस्थान (आई. आई.एम.सी.), नई दिल्ली ने कहा कि आयुष पद्धति के लिए सोशल मीडिया का लक्ष्य सोच में परिवर्तन लाना और पद्धतियों के बारे में नकारात्मकता को दूर करना होना चाहिए।

तकनीकी सत्र के दौरान डॉ. अनुभूति यादव, प्रमुख, न्यु मीडिया विभाग और पाठ्यक्रम निदेशक, विज्ञापन एवं जनसंपर्क पाठ्यक्रम, आई.आई.एम.सी. ने सोशल मीडिया से संबंधित विभिन्न पहलुओं जैसे लक्षित दर्शकों को समझना, गलत सूचना/दुष्प्रचार और तथ्यों का सत्यापन, सामग्री सर्जन, इत्यादि पर व्याख्यान दिया। उन्होनें प्रभावी सामग्रियों का सर्जन करने के लिए विभिन्न ऑडियो–विजुअल उपकरणों की जीवित प्रदर्शनी और प्रशिक्षण भी दिया।

पिछली कार्यशालाओं के प्रशिक्षण के आधार पर डॉ. तमन्ना नाज़ली, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), के.यू. चि.अ.प. ने एक पॉवरप्वाइंट प्रस्तुति दी। कार्यशाला का तकनीकी भाग डॉ. ग़ज़ाला जावेद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) वैज्ञानिक–IV, के. यू.चि.अ.प. द्वारा समन्वित किया गया।

•••

22 दिसम्बर 2018 को नई दिल्ली में केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा उन्नत सोशल मीडिया अंतदृष्टि पर आयोजित कार्यशाला के प्रतिभागी एक ग्रुप फोटो के लिए पोज़ देते हुए।

आरोग्य एक्सपो में भागीदारी

के.यू.चि.अ.प. ने अपने क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (क्षे.यू.चि.अ.सं.), मुम्बई के माध्यम से 14–17 दिसम्बर 2018 को कन्वेंशन एण्ड एक्ज़िबिशन सेंटर, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद में विश्व आयुर्वेद फाउंडेशन द्वारा आयोजित आठवें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 2018 में भाग लिया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय का 14–17 दिसंबर 2018 को अहमदाबाद में विश्व आयुर्वेद फाउंडेशन द्वारा आयोजित आठवें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 2018 के दौरान स्वागत करते हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजय रूपानी ने श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, श्रीमती के.के. शैलजा टीचर, स्वास्थ्य मंत्री, केरल, वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और डॉ. हिमान्शु पाण्डेय, उप–कुलपति, गुजरात विश्वविद्यालय की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम 'आयुर्वेद पारितंत्र को मज़बूत बनाना' विषय पर आधारित था जिसका उद्देश्य व्यक्तिक और जनसंख्या के स्वास्थ्य के आधार पर 'स्वास्थ्य सेवा' को पुनःपरिभाषित करना था।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री रूपानी ने आधुनिक चिकित्सा के रूप में आयुर्वेद के प्रलेखन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय ऋषियों द्वारा 5000 वर्ष पूर्व विकसित आयुर्वेद पद्धति के पास स्वस्थ जीवन और अच्छी तंदरुस्ती का उत्तर है जिसे दुनिया आज खोज रही है।

उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए श्री श्रीपाद नाईक ने कहा कि आयुष पद्धतियों के लिए चुनौती है कि यह वर्तमान स्थिति में रोग उपचार के उपकरण के रूप में अपनी पहचान से ऊपर उठ कर पूर्ण स्वास्थय प्रणाली का दर्जा प्राप्त करें। उन्होंने कार्यक्रम में परिषद् के स्टॉल का दौरा किया और क्षे.यू.चि.अ.सं. की टीम ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

क्षे.यू.चि.अ.सं., मुम्बई ने अपने स्टॉल से के.यू.चि.अ.प. की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रचार किया। परिषद् के महत्वपूर्ण प्रकाशनों का प्रदर्शन किया गया और यूनानी चिकित्सा पद्धति पर निःशुल्क साहित्य और के.यू.चि.अ.प. के अनुसंधान परिणामों को आगंतुकों को बांटा गया। इसके अतिरिक्त, बिमार आगंतुकों को निःशुल्क परामर्श दिया गया और कुछ रोगियों का हिजामा (कपिंग थैरेपी) किया गया जोकि आर्कषण का विषय रहा। कुल 175 पुरूष और 112 महिला रोगियों ने स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाया, जबकि 65 रोगियों पर कपिंग थैरेपी की गई।

डॉक्टरों, विशेषज्ञों, औषधि उद्योग के प्रतिनिधियों, अध्यापकों और छात्रों के अतिरिक्त 35 देशों के लगभग 24 वक्ताओं, 150 अतिथियों और 3,500 प्रतिनिधियों ने कांग्रेस में भाग लिया। इस आयोजन को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों का समर्थन प्राप्त था। ●●●

14–17 दिसंबर 2018 को अहमदाबाद में आरोग्य एक्सपो 2018 में के.यू.चि.अ.प. के स्टॉल पर आगंतुकों का एक दृश्य।

लखनऊ में चिकित्सा शिविर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), लखनऊ ने 17 अक्टूबर 2018 को लखनऊ में कुर्सी क्षेत्र के पंचायत घर के प्रांगण में स्थानीय प्रधान के निवेदन पर एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के चिकित्सक 17 अक्टूबर 2018 को लखनऊ में संस्थान द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में रोगियों को देखते हुए।

शिविर का उद्घाटन क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक प्रमुख के साथ डॉ. एम.ए. ख़ान, उप–निदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.सं., लखनऊ ने किया। डॉ. ख़ान ने अपने उद्घाटन भाषण में आगंतुकों को साफ़–सफ़ाई बनाए रखने, स्वस्थ आहार लेने, जंक फूड से बचने और प्राकृतिक जीवन जीने की सलाह दी। उन्होंने किसी भी रोग से पीड़ित होने की स्थिति में के.यू.चि.अ.सं., लखनऊ में उपलब्ध उपचार सुविधाओं का लाभ उठाने का भी सुझाव दिया।

डॉ. महबूब–उस–सलाम, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), श्री अब्दुल मोबीन ख़ान, फार्मासिस्ट और श्री इक़बाल अहमद, संदेशवाहक ने शिविर का संचालन किया। उन्होंने बीमार आगंतुकों को निःशुल्क परामर्श और उपचार प्रदान किया। •••

आई.आई.एस.एफ. – 2018 में भागीदारी

केन्द्रीय युनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), लखनऊ ने 5–8 अक्टूबर 2018 के दौरान इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित इंडिया इन्टरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आई.आई.एस.एफ.) – 2018 में भाग लिया।

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में 5–8 अक्टूबर 2018 के दौरान आयोजित इंडिया इन्टरनेशनल साइंस फेस्टिवल – 2018 में के.यू.चि.अ.प. के स्टॉल का एक दृश्य।

आई.आई.एस.एफ. विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए 2015 में आंरभ की गई एक पहल है जो यह प्रदर्शित करता है कि विज्ञान के माध्यम से कैसे कम समय में भारत को एक विकसित देश की ओर ले जा सकते हैं।

के.यू.चि.अ.सं., लखनऊ की टीम ने कार्यक्रम में के.यू.चि.अ.प. की भागीदारी को सुनियोजित किया। सभी सदस्यों ने अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में परिषद् की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को उजागर करने और यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रचार–प्रसार करने की भरपूर कोशिश की। रोगों की रोकथाम और स्वस्थ्य जीवन पर आधारित सूचान पूर्वक सामग्रियों को प्रदर्शित किया गया और आगंतुकों में निःशुल्क स्वास्थ्य साहित्य का वितरण किया गया। •••

यूनानी दिवस के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने 23 दिसम्बर 2018 को अपने मुख्यालय और देशभर में फैले अपने अनुसंधान केंद्रों में यूनानी दिवस 2019 समारोह के लिए 50 दिन की विलोमगणना की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन करके इस समारोह का प्रचार–प्रसार करना था।

यूनानी दिवस को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा आयोजित मैराथन के प्रतिभागी ग्रुप फोटो के लिए पोज़ देते हुए।

विलोमगणना के आंरभ से के.यू.चि.अ.प. के 23 संस्थानों/केंद्रों ने रोगियों, उनके परिचारकों और आम जनता में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न रोगों के उपचार में यूनानी चिकित्सा की भूमिका पर पांच मिनट की सार्वजनिक बातचीत के साथ कार्य शुरू किया। इसके अतिरिक्त, मैराथन, लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सार्वजनकि स्वास्थ्य वार्ता, आम जनता के लिए दैनिक स्वास्थ्य टिप्स, कार्यशाला आदि का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के अधीनस्थ यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान और विकास हेतु सर्वोच्च निकाय के रूप में के.यू.चि.अ.प. 11–12 फरवरी 2019 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में यूनानी दिवस पर मुख्य समारोह का आयोजन करेगा। समारोह का उद्घाटन डॉ. नजमा हेप्तुल्ला, माननीय राज्यपाल, मणिपुर, श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, श्री प्रमोद कुमार पाठक, अतिरिक्त सचिव, आयुष मंत्रालय और अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में करेंगी।

यूनानी दिवस समारोह में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए यूनानी चिकित्सा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन, यूनानी चिकित्सा हेतु आयुष पुरस्कार वितरण के लिए एक समारोह, उद्योग और शिक्षाविदों की एक प्रदर्शनी और के.यू.चि.अ.प. के प्रकाशनों के विमोचन का कार्यक्रम शामिल होगा।

सम्मेलन में जीवनशैली विकार और इनके उपचार, संघटित चिकित्सा, माँ और शिशु की देखभाल, जेरिएट्रिक केयर, सार्वजनिक स्वास्थ्य में यूनानी

यूनानी डे को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनसुधांन संस्थान, भद्रक में आयोजित स्वास्थ्य वार्ता का एक दृश्य।

चिकित्सा के एकीकरण एवं इसे मुख्य धारा में लाने और वैश्वीकरण से संबंधित सत्र होगें। यूनानी चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक विचार–विमर्श से दुनिया भर से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्त्ताओं और यूनानी चिकित्सा से संबंधित अन्य हितधारकों के आकर्षित होने की उम्मीद है। ●●●

यूनानी चिकित्सा के प्रसार पर संवादात्मक सत्र

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने 5 दिसम्बर 2018 को अपने मुख्यालय में पद्मश्री प्रो. हकीम सैय्यद ज़िल्लुर रहमान के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। सत्र का उद्देश्य यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रचार–प्रसार और इस पद्धति से संबंधित साहित्य के विकास के लिए रणनीति तैयार करना था।

प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. 5 दिसम्बर 2018 को परिषद् में यूनानी चिकित्सा के प्रसार पर संवादात्मक सत्र के दौरान पद्मश्री प्रो. हकीम सैय्यद ज़िल्लुर रहमान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

अपने परिचयात्मक टिप्पणी में प्रो. आसिम अली ख़ान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने इस तथ्य पर ज़ोर दिया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति न केवल एक चिकित्सा विरासत है, बल्कि एक संपूर्ण विज्ञान है, जिसे संसार के विभिन्न भागों में विभिन्न संस्कृति और धर्म से संबंधित विद्वानों द्वारा धीरे–धीरे विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस तथ्य ने यूनानी चिकित्सा पद्धति को वैश्विक स्तर पर स्पर्श कराया और विभिन्न समय के सभी बुद्धिजीवियों के ज्ञान से इसके खज़ाने को समृद्ध किया। उन्होंने आगे कहा कि भारत आज यूनानी चिकित्सा में विश्व अग्रणी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तथ्य से हर संभव तरीके से वैश्विक स्तर पर सभी हितधारकों को अवगत कराने की आवश्यकता है।

यूनानी चिकित्सा के इतिहास के एक प्रसिद्ध यूनानी विद्वान और प्राधिकारी प्रो. हकीम सैय्यद ज़िल्लुर रहमान ने यूनानी चिकित्सा की यात्रा और विभिन्न समय में यूनानी विद्वानों द्वारा किए गए महान योगदानों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आधुनिक दुनिया में यूनानी चिकित्सा को लगभग 18 नामों से जाना जाता है जो वैश्विक स्तर पर यूनानी चिकित्सा के प्रचार में बाधा बनते हैं। उन्होंने सभी समान चिकित्सा पद्धतियों के लिए 'यूनानी' के नाम पर सर्वसम्मति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. रहमान ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति ही सिर्फ एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसका प्राचीन काल से ही एक निरंतर, प्रामाणिक और अच्छी तरह से लिखा हुआ इतिहास है। उन्होंने आगे कहा कि यूनानी चिकित्सा की जड़ें प्राचीन मिस्र और बेबीलोन में मिलती हैं। भारत में यूनानी चिकित्सा के इतिहास के बारे में बोलते हुए उन्होंने बताया कि आठवीं शताब्दी ईस्वी के दौरान इस पद्धति का परिचय हुआ और जल्द ही एक स्वदेशी चिकित्सा पद्धति के रूप में इसने देश में अपनी जड़ें जमा लीं। प्रो. रहमान ने अनुवाद और पुनरुत्पत्ति के माध्यम से यूनानी चिकित्सा के शास्त्रीय साहित्यिक संरक्षण में परिषद् के योगदान को सराहा। उन्होंने मध्य एशियाई देशों के साथ सहयोग करने का आग्रह भी किया।

चर्चाओं के प्रकाश में प्रतिभागियों ने अंग्रेज़ी में यूनानी चिकित्सा पद्धति से संबंधित सभी बुनियादी जानकारी पर आधारित एक छोटे से दस्तावेज़ के विकास पर सहमति प्रकट की। प्रो. आसिम अली ख़ान ने लाभदायक चर्चा के लिए प्रख्यात विशेषज्ञ और परिषद् के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। ●●●

आहार और पोषण पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 11–13 नवम्बर 2018 को आई.सी.एम.आर. – राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एन.आई.एन.) में 'अलाईनिंग फूड सिस्टम्स फॉर हेल्दी डाइट एण्ड इम्प्रूव्ड न्यूट्रीशन' पर आयोजित द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय एन.आई.एन. शताब्दी सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन का उद्देश्य संधारणीय, संतुलित, विविध, पोषक और स्वस्थ्य आहारों के लिए खाद्य पदार्थों की जैव विविधता, गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए नीतियों की परिकल्पना करना था ताकि पोषण में सुधार हो और ग़ैर–संचारी रोगों को रोका जा सके। सम्मेलन में 27 देशों के 670 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और सभी लोगों की पोषण की स्थिति और स्वास्थ्य में सुधार लाने और आहार अंतराल पर ध्यान देने के लिए स्थायी स्वस्थ खाद्य प्रणालियों पर अपने ज्ञान और अनुभवों को साझा किया।

सम्मेलन में एक उद्घाटन सत्र, आठ पूर्ण सत्र, इलेक्ट्रॉनिक (ई)–पोस्टर प्रस्तुतिकरण के लिए पांच सत्र और समापन सत्र थे। इस सम्मेलन में आज के संसार में मौजूद कुपोषण के किसी भी रूप के स्थायी समाधान के लिए एक अनोखे दृष्टिकोण रखने वाले अति सक्षम युवाओं की तलाश करने के उद्देश्य से एक 'यंग पीपुल यूनिक आइडिया' (वाई.पी.यू.आई.) सत्र भी था। विशेष रूप से अच्छे विचारों वाले 35 वर्ष की आयु के एक राष्ट्रीय और तीन अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों को चुना गया जिन्होनें सम्मेलन में अपने विचार प्रस्तुत किये।

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के अनुसंधानकर्ता 11–13 नवम्बर 2018 को आई.सी.एम.आर.– राष्ट्रीय पोषण संस्थान में 'अलाईनिंग फूड सिस्टम्स फॉर हेल्दी डाइट एण्ड इम्प्रूव्ड न्यूट्रीशन' पर आयोजित द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय एन.आई.एन. शताब्दी सम्मेलन के दौरान।

उद्घाटन सत्र में डॉ. आर. हेमलता, निदेशक, एन.आई.एन., हैदराबाद ने अपना स्वागत भाषण दिया; और श्री टी. लोंगवाह, वैज्ञानिक–जी, एन.आई.एन., हैदराबाद ने परिचयात्मक भाषण दिया। उद्घाटन भाषण डॉ. राजेश कुमार, संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने दिया। श्रीमती एम. एन्न टूटविलर, महानिदेशक, बॉयोवर्सिटी इन्टरनेशनल, रोम, इटली ने उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण दिया।

पहले दिन 'अलाईनिंग फूड सिस्टम्स फॉर हेल्थी डाइट एण्ड इम्प्रूव्ड न्यूट्रीशन' पर पैनल चर्चा की गई जिसकी अध्यक्षता डॉ. राजेश कुमार, संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने की। 'एग्रो–बॉयोडायवर्सिटी फॉर न्यूट्रिशन एण्ड हेल्दी डाइट्स' पर आधारित सत्र में डॉ. क़मरूद्दीन, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) और प्रमुख, मुआलजात विभाग, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), हैदराबाद ने 'कैंसर के कारण, रोकथाम और उपचार में आहार तथा पोषण की भूमिका' पर एक ई–पोस्टर प्रस्तुती दी। इनके अलावा डॉ. मोहम्मद नवाब, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) एवं रीडर, मुआलजात; और डॉ. जावेद ईनाम सिद्दीक़ी, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) एवं लेक्चरर, इल्मुल अदविया, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद ने के.यू.चि.अ.प. की तरफ से कार्यक्रम में भाग लिया।

तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान पोषण के क्षेत्र में प्रसिद्ध 30 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और 35 राष्ट्रीय वक्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये जबकि लगभग 173 राष्ट्रीय और 28 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने अपने ई–पोस्टर प्रस्तुत किये।

राष्ट्रीय आरोग्य मेले में भागीदारी

के.यू.चि.अ.प. ने अपने क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (क्षे.यू.चि.अ.सं.), चेन्नई के माध्यम से 5–9 दिसम्बर 2018 के दौरान सेंट्रल यूनिवर्सिटी ग्रांउड, बेंगलुरू में तरूणया शिक्षाना सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेले में भाग लिया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय 5–9 दिसम्बर 2018 को बेंगलुरू में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेले में के.यू.चि.अ.प. के एक अधिकारी से फूलों का गुलदस्ता स्वीकार करते हुए।

के.यू.चि.अ.प. की गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रदर्शनी तथा पैनल और ट्रांसलाइट के प्रदर्शन और यूनानी चिकित्सा पर प्रचार–प्रसार सामग्री के निःशुल्क वितरण द्वारा उजागर किया गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और आयुष विभाग, कर्नाटक सरकार के समर्थन द्वारा आयोजित इस मेले में विभिन्न रोगों के लिए 315 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और उपचार प्रदान किया गया और परिषद् के चिकित्सकों द्वारा चार सार्वजनिक व्याख्यान दिये गये।

मेले का आयोजन आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्यापैथी (आयुष) पद्धतियों से संबंधित सभी चीजों को संबोधित करने और संपूर्ण भारतवर्ष में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और उपचार अभ्यासों की विविधता और महत्व को प्रदर्शित करने तथा जन स्वास्थ्य जागरूकता और उपचार में इसकी भुमिका उजागर करने के लिए एक आम मंच के रूप में किया गया था।

●●●

स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

परिषद् के केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), लखनऊ ने अक्टूबर–दिसम्बर 2018 के दौरान रोगियों और आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया।

डॉ. एम.ए. खान, उप निदेशक प्रभारी, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, लखनऊ 12 अक्टूबर 2018 को विश्व आर्थराइटिस दिवस के अवसर पर व्याख्यान देते हुए।

12 अक्टूबर को विश्व आर्थराइटिस दिवस, 24 अक्टूबर को विश्व पोलियो दिवस, 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस और 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

इन सभी अवसरों पर डॉ. एम.ए. ख़ान, उप–निदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.सं., लखनऊ ने रोगों से बचने के लिए निवारक उपायों पर सार्वजनिक व्याख्यान दिए और यूनानी चिकित्सा में उपलब्ध उपचार पर प्रकाश डाला। उन्होनें समाज, धार्मिक समूहों, ग़ैर–सरकारी संगठनों और सामाजिक–राजनितिक संगठनों से रोगों की रोकथाम के लिए एकजुट होने की अपील की और अपने क्षेत्रों में उनसे इन दिवसों को मनाने का संदेश फैलाने का आग्रह किया। ●●●

केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण

परिषद् के केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), हैदराबाद ने 24–25 सितम्बर 2018 को हैदराबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एन.आई.एच.एफ.डब्ल्यू.), नई दिल्ली द्वारा आयोजित केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा के सामान्य ड्युटी चिकित्सा अधिकारियों के लिए तृतीय फाउंडेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया।

डॉ. मुनव्वर हुसैन काज़मी, उप–निदेशक प्रभारी और केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के अधिकारी 24–25 सितम्बर 2018 को हैदराबाद में केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा अधिकारियों के लिए तृतीय फाउंडेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों के साथ ग्रुप फोटो के लिए पोज़ देते हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नए भर्ती हुए चिकित्सा अधिकारियों को अनावरण प्रदान करना और आयुष पद्धतियों के माध्यम से सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ उन्हें उन्मुख करना था। कार्यक्रम में एन.आई.एच.एफ.डब्ल्यु, नई दिल्ली के दो पर्यवेक्षकों सहित देश के विभिन्न भागों से कुल 12 चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में एक उद्घाटन सत्र, दो तकनीकी सत्र और एक समापन सत्र था। उद्घाटन सत्र में डॉ. मुनव्वर हुसैन काज़मी, उप–निदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद ने पारंपरिक चिकित्सा में आयुष पद्धतियों के प्रभावी एकीकरण पर ज़ोर दिया।

तकनीकी सत्र में डॉ. कमरूद्दीन, डॉ. जावेद ईनाम सिद्दीक़ी, डॉ. मोहम्मद नवाब और डॉ. मुनव्वर हुसैन काज़मी ने यूनानी चिकित्सा का परिचय, युनानी फार्माकोलॉजी, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद की कार्यप्रणाली, ईलाज–बित–तदबीर, और यूनानी चिकित्सा में बर्स (विटिलिगो) के उपचार पर व्याख्यान दिए।

प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया और ह्यूमोरल सिद्धांत, मिज़ाज और यूनानी चिकित्सा के गुणवान क्षेत्रों के बारे में जानने में गहन रूचि दिखाई। •••

परिषद् की अनुसंधानकर्ता को पुरस्कार

डॉ. ग़ज़ाला जावेद को 2 दिसम्बर 2018 को भारत निर्माण नामक संस्था द्वारा 'मेक इन इण्डिया अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

डॉ. ग़ज़ाला जावेद 2 दिसम्बर 2018 को श्री अश्विनी कुमार चौबे, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से मेक इन इंडिया अवार्ड प्राप्त करती हुईं।

डॉ. ग़ज़ाला जावेद, जोकि केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् में अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) वैज्ञानिक–IV हैं, को यह अवार्ड यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिया गया है।

श्री अश्विनी कुमार चौबे, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉ. ग़ज़ाला को यह अवार्ड होटल रॉयल प्लाज़ा, नई दिल्ली में 24वें मिस्टिक इंडिया एक्सपो 2018 के एक भाग के रूप में भारत निर्माण – एक ग़ैर–सरकारी संगठन – द्वारा आयोजित 'मेक इन इण्डिया अवार्ड' समारोह में प्रदान किया। •••

आयुष अनुसंधानकर्ताओं के लिए आई.टी. प्रशिक्षण

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने अपनी प्रमुख पहल के तहत सेंटर फॉर एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी–डैक), पुणे के सहयोग से आयुष अनुसंधानकर्ताओं के लिए तीन माह का व्यापक आई.टी. प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आयुष पद्धतियों के विकास और प्रचार–प्रसार में सूचना प्रौद्योगिकी की क्षमताओं का उपयोग करने के लिए आयुष अनुसंधानकर्ताओं को आई.टी. कौशल के साथ समर्थ बनाना था।

सेंटर फॉर एडवांस्ड कंप्यूटिंग, पूणे द्वारा प्रदान किए गए तीन माह के व्यापक आई.टी. प्रशिक्षण में भाग लेने के बाद आयुष अनुसंधानकर्ता अपने प्रमाण पत्र के साथ ग्रुप फोटो के लिए पोज़ देते हुए।

के.यू.चि.अ.प. के अनुसंधानकर्ता, डॉ. शैख़ निक्हत, क्षे.यू.चि.अ.सं., मुम्बई, डॉ. मोहम्मद ज़ाकिर, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद और डॉ. शीराज़ मुश्ताक़, क्षे.यू.चि.अ. सं., श्रीनगर ने प्रशिक्षण में भाग लिया और लाभान्वित हुए। डॉ. हसीब अंसारी और डॉ. वसीम अहमद, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एन.आई.यू.एम.), बेंगलुरू भी प्रशिक्षण में उपस्थित हुए।

प्रशिक्षण में सैद्धांतिक और व्यवहारिक सत्र शामिल थे। प्रशिक्षण में इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड डेवलपमेंट, इंट्रोडक्टशन ऑफ मेडिकल रिकॉर्ड, इंट्रोडक्टशन ऑफ क्लासिफिकेशन एण्ड टर्मिनोलॉजीस, इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिज़िज़ेज, सिस्टेमाइज़्ड नोमेनक्लेचर ऑफ मेडिसिन–क्लिनिकल टर्म्स और नेशनल आयुष मोरबिडिटी एण्ड स्टैन्डर्डाइज़्ड टर्मिनोलॉजीस इलैक्ट्रोनिक पोर्टल (नमस्ते–पोर्टल), इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड, हेल्थ इंफॉर्मैटिक्स, हेल्थ मैनेजमेंट इफॉरमेशन सिस्टम, बायोइंफॉर्मैटिक्स, एचपीसी कम्प्यूटर्स, एचटीएमएल प्रोग्रामिंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग टूल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मोबाइल ऐप्लिकेशन, डीआरओएनई टेक्नोलॉजी इत्यादि विषय शामिल थे।

प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के अन्त में परियोजना कार्य प्रस्तुत किया। यूनानी टीम ने 'यूनीसोफ्ट – ए वेब बेस्ड क्लिनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम', 'मह्हस–ए–मिज़ाज – ए डेस्कटॉप बेस्ड ऐप्लीकेशन फॉर मिज़ाज डॉयग्नोसिस' और 'ई–अदविया–यूनानी एनसाईक्लोपीडिया फॉर फॉर्माकोलोजी' नामक तीन परियोजनाएं प्रस्तुत कीं।

●●●

पंजीकरण सं. 34691/80

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, जो आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है, की आधिकारिक त्रैमासिक पत्रिका है। यह हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में एक साथ प्रकाशित होती है। इसमें विशेषतः केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् से संबंधित समाचार होते हैं। यह ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए मुफ़्त उपलब्ध है जो यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास में दिलचस्पी रखते हैं।* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *में प्रकाशित सामग्री को* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *के आभार के साथ, इस शर्त पर प्रकाशित किया जा सकता है कि वह प्रकाशन व्यापारिक उद्देश्यों से न किया जाये।*

मुख्य संपादक
आसिम अली ख़ान

कार्यकारी संपादक
मोहम्मद नियाज़ अहमद

संपादकीय समिति
नाहीद परवीन
गज़ाला जावेद
जमाल अख़्तर
टी मैथीलगन
शबनम सिद्दीक़ी

संपादकीय कार्यालय
केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्
61–65, इंस्टीटयूशनल एरिया, समुख 'डी' ब्लाक, जनकपुरी, नई दिल्ली–110 058

दूरभाष: +91–11–28521981, 28525982
फैक्स: +91–11–28522965
ई–मेल: unanimedicine@gmail.com
rop.ccrum@gmail.com
वेबसाइट: http://ccrum.res.in

मुद्रण: इण्डिया ऑफसैट प्रैस, ए–1, इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–1, मायापुरी, नई दिल्ली–110 064

ISSN 0974 1666

CCRUM newsletter

A Quarterly Bulletin of Central Council for Research in Unani Medicine

Volume 38 • Number 4 October–December 2018

MoU Between CCRUM and Tajik University

A Memorandum of Understanding for cooperation in Unani Medicine was signed between the Central Council for Research in Unani Medicine and Avicenna Tajik State Medical University (ATSMU) in Dushanbe, Tajikistan on October 8, 2018. This historical agreement is one of the nine agreements signed between the governments of India and Tajikistan during the visit of Hon'ble President of India Shri Ram Nath Kovind to Tajikistan during October 7–9, 2018.

Addressing a meeting organized at the CCRUM headquarters to underscore the importance of the agreement and formulate action plan, Prof. Asim Ali Khan, Director General, CCRUM termed it a milestone and congratulated the CCRUM officers for their efforts in this regard. He emphasized the need to translate this agreement into action at the earliest and said that the possibilities for establishment of a Unani Chair at the ATSMU might be considered as the first step.

According to the MoU, the CCRUM and the ATSMU would participate in joint research projects, international collaborations, education and training in the areas of mutual interest. The two organizations would exchange information, documents and scientific publications for fostering research and development in Unani Medicine. Besides, joint organization of conferences, seminars, workshops and symposia, exchange of experts for capacity building, training of practitioners, scientists, students, etc., accommodating interested scientists, practitioners and students in the two institutions for research, education and training are some other provisions of the agreement.

Hon'ble President of India Shri Ram Nath Kovind with his Tajik counterpart Shri Emomali Rahmon during his state visit to Tajikistan during October 7–9, 2018.

During his state visit of Tajikistan, Shri Ram Nath Kovind and his Tajik counterpart Shri Emomali Rahmon met in restricted and extended formats and noted the deep ties between the two countries based on shared values of humanism, history, language, traditions, art and culture. They

expressed satisfaction at the regular high-level exchange of views, mutual understanding and confidence and excellent level of cooperation achieved in the 26 years since the establishment of diplomatic relations between the two Republics. The two leaders reaffirmed their commitment to further expand and strengthen the strategic partnership for peace, stability, economic progress and prosperity of the two countries and the region.

Vigilance Awareness Week Observed at CCRUM

